बुधवार
03 मई, 2023
डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




नाच देखने के दौरान गोली लगने से सीआरपीएफ जवान के बेटे की मौत 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## कर्नाटक में कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी, कहा- बजरंग दल को बैन करेंगे

- विधानसभा चुनाव के लिए जारी घोषणापत्र में कांग्रेस ने बजरंग दल की तुलना पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से की
- जनता से किया वादा, सत्ता में आए तो 200 यूनिट बिजली नि:शुल्क दी जाएगी

**एजेंसी/बेंगलुरु**



कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। घोषणापत्र में कांग्रेस ने बजरंग दल की तुलना पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (ढत्रक्र) से की है और कहा है कि अगर उन्हें सत्ता पर काबिज होने का अवसर मिला, तो वे इसे बैन करेंगे। कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में गृह ज्योति, गृह लक्ष्मी, अन्न भाग्य, युवा निधि एवं शक्ति की पांच गारंटी दोहराईं। बता दें कि सोमवार को भाजपा ने भी अपना घोषणा पत्र जारी किया था, जिसमें कई जनकल्याण योजनाओं के साथ-साथ गरीबों को मुफ्त अनाज देने की बात कही गई है। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में जनता से वादा किया है कि अगर वे सत्ता में आते हैं, तो गृह ज्योति के तहत 200 यूनिट निशुल्क बिजली दी जाएगी। गृह लक्ष्मी में परिवार की मुखिया को दो हजार रुपये तथा अन्न भाग्य में दस किलोग्राम अनाज देने का वादा किया गया है। इसके साथ ही कांग्रेस ने पशुपालन को बढ़ावा देने और गांवों में कम्पोस्ट खाद केंद्र स्थापित करने के लिए गाय का गोबर 3 रुपये प्रतिकिलो खरीदने का वादा किया है।

कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है कि युवा निधि के तहत बेरोजगार स्नातकों को एक माह में तीन-तीन हजार रुपये तथा डिप्लोमाधारी बेरोजगारों को डेढ़-डेढ़ हजार रुपये दिए जाएंगे। वहीं, शक्ति योजना के तहत सभी महिलाओं को राज्य भर में केएसआरटीसी / बीएमटीसी बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी।

### पीएम मोदी बोले... कांग्रेस पार्टी ने पहले श्रीराम को ताले में बंद किया, अब जय बजरंगबली बोलने वालों से तकलीफ है

कर्नाटक विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को होसपेत शहर में रैली को संबोधित किया। इसमें पीएम मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में बजरंगबली को ताले में बंद करने का निर्णय लिया है। पहले श्री राम को ताले में बंद किया और अब जय बजरंगबली बोलने वालों को ताले में बंद करने का संकल्प ले रहे हैं।

पीएम मोदी ने रैली में कहा, 'आज हनुमान जी की इस पवित्र भूमि को नमन करना मेरा बहुत बड़ा सौभाग्य है और दुर्भाग्य देखिए, मैं आज जब यहां हनुमान जी को नमन करने आया हूं उसी समय कांग्रेस पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में बजरंगबली को ताले में बंद करने का निर्णय लिया है। पहले श्री राम को ताले में बंद किया और अब जय बजरंगबली बोलने वालों को ताले में बंद करने का संकल्प लिया है। यह देश का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस पार्टी को प्रभु श्री राम से



भी तकलीफ होती थी और अब जय बजरंगबली बोलने वालों से भी तकलीफ हो रही है।

**कर्नाटक की मान-मर्यादा पर नहीं आने देंगे कोई आंच:** पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी कर्नाटक की मान-मर्यादा और संस्कृति पर कोई आंच नहीं आने देगी। साथ ही बीजेपी कर्नाटक के विकास के लिए, यहां के लोगों को आधुनिक सुविधा और नए अवसर देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## प्रयागराज न्याय की धरती है, जो जैसा करता है वैसा ही भरता है : योगी

**एजेंसी/प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए पहले चरण के प्रचार का अंतिम दिन है। अंतिम दिन चुनाव में प्रचार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज पहुंचे। अतीक अहमद की हत्या के बाद मुख्यमंत्री पहली बार प्रयागराज पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अतीक अहमद का नाम लिए बिना ही कहा, प्रयागराज को पापाचार का शिकार बना दिया था, यह प्रकृति सबका हिसाब बराबर करके रख देती है। लेकिन प्रयागराज न्याय की धरती है। जो जैसा करता है वैसा ही भरता है। पीएम की नेतृत्व में भारत की प्रतिष्ठता बढ़ी है। लोकतंत्र में राजा हो या रंक सभी को वोट का समान अधिकार है। आज भारत का सम्मान होता है, दुनिया में भारत के प्रति नजरिया बदल चुका है।



मुख्यमंत्री ने कहा, आज हमारे नगर सेफ सिटी हो रहे हैं। आज युवाओं के हाथों में तमंचा नहीं है क्योंकि उन्हें तमंचे का दुष्परिणाम पता है। आज उनके हाथ में टैबलेट है और यह टैबलेट उसके टैलेंट को टेक्नोलॉजी से जोड़ेगा। उन्होंने कहा, हम माफिया की अवैध संपत्ति जब्त कर गरीबों को आवास देंगे। आज यूपी परिवारवाद और जातिवाद की मानसिकता से ऊपर उठ चुका है।

## मुजफ्फरपुर में भीषण अगलगी में चार सगी बहनों की जलकर मौत

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले में सोमवार की देर रात एक घर में भीषण आगजनी में चार सगी बहनों की जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं, आधा दर्जन से अधिक लोग झुलस गए हैं। इनमें सात बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। उन्हें एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया है। इनमें से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना सदर थाना क्षेत्र के रामदयालु की है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित परिवार अनुसूचित जाति है। मृतक के परिजन को प्रशासन ने चार-चार लाख रुपये का मुआवजा दे दिया है। इसके अलावा 51 हजार रुपये सहायता राशि दी गई है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया जाता है कि रात नौ बजे खाना खाकर सभी सो रहे थे। मकान के तीन अलग-अलग कमरे में सिर्फ बच्चे सोए थे। ये तीनों कमरे तीन भाइयों के हैं। उससे सटी झोपड़ी में महिलाएं एवं अन्य बच्चे सोए थे। रात करीब 11 बजे मकान से आग की तेज लपटें निकलती दिखाई दी। आसपास के लोगों ने आग पर नियंत्रण पाने का प्रयास किया, मगर इसपर काबू नहीं पाया जा सका।

झोपड़ी में सो रहीं महिलाएं और बच्चे आग से बाहर निकल गए। हालांकि, कमरे के अंदर सो रहे बच्चे फंस गए। इससे नरेश राम की चार बेटियां सोनी कुमारी (12 वर्ष), शिवानी कुमारी (छह वर्ष), अमृता कुमारी (चार वर्ष) एवं रीता कुमारी (तीन वर्ष) की झुलसने और दम घुटने से मौत हो गई। वहीं, सात बच्चे एवं महिलाओं को लोगों ने आग से निकाल लिया। सूचना पर आधा घंटा बाद पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इससे आसपास के घर जलने से बच गए।

### फैसला: बिहार कैबिनेट की बैठक में 18 एजेंडों पर लगी मुहर

## नई नियमावली से 1.78 लाख पदों पर नियुक्त किए जाएंगे शिक्षक

- पहली से पांचवीं तक के 85477, छठी से आठवीं तक 1745, नवीं-दसवीं तक 33186, 11वीं-12वीं के लिए 57618 पदों की स्वीकृति
- बिहार सरकार ने शिक्षकों के लिए मूल वेतन पर भी लगाई मुहर

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार कैबिनेट ने शिक्षक नियुक्ति नियमावली के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए इस नई नियमावली के तहत नियुक्ति के लिए पदों की औपचारिक स्वीकृति दी। कुल मई महीने में कैबिनेट की पहली बैठक में 1,78,026 पदों की स्वीकृति दी गई। इसमें पहली से पांचवीं तक के 85477, छठी से आठवीं तक के 1745, नवीं-दसवीं के लिए 33186 और 11वीं-12वीं के लिए 57618 पदों की स्वीकृति दी गई है। इस कैबिनेट की बैठक में 18 एजेंडों पर मुहर लगी। बिहार सरकार के द्वारा शिक्षकों के लिए मूल वेतन पर भी मुहर लगा दी गयी।

प्राईमरी स्कूल के नियोजित शिक्षकों को कुल मिलाकर 37832 रू मिलेंगे। वहीं न्यू स्केल वाले प्राईमरी शिक्षकों को 44130 रू हर महीने मिलेंगे। यानि नियोजित शिक्षकों से नए बहाल शिक्षकों को वेतन मद में 6300 रू अधिक मिलेंगे। वहीं मिडिल स्कूल के नियोजित शिक्षकों को हर महीने कुल मिलाकर 39771 रू जबकि न्यू स्केल वाले शिक्षकों को 49050 रू मिलेंगे। इस तरह से 9300 रू ज्यादा मिलेंगे. जबकि हाईस्कूल के नियोजित शिक्षकों को कुल 39771 रू मिलेंगे। वहीं हाई स्कूल में बहाल न्यू स्केल वाले शिक्षकों को 53970 रू मिलेंगे। इस तरह से नियोजित शिक्षक से 14200 रू अधिक राशि हर महीने मिलेंगे। उच्च माध्यमिक स्कूल के नियोजित शिक्षकों को हर माह कुल मिलाकर 41679 रू जबकि नए स्केल वाले शिक्षकों को 55610 रू मिलेंगे। इस तरह से 14000 रू अधिक राशि मिलेगी।

कैबिनेट ने बिहार कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या 0606 0114 प्रथम इंटर स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2014 के आधार पर निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित अभ्यर्थियों के लिए सहकारिता विभाग के अंतर्गत निम्न वर्गीय लिपिक के 4 पदों के सृजन की स्वीकृति दे दी है। इसके अलावे सरकार ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए एक साथ दो हजार पंचायतों में पंचायत सरकार भवन बनाने की प्रशासनिक स्वीकृति दी है। 2 हजार पंचायत सरकार भवनों के लिए सरकार ने 41 अरब 71 करोड़ 16 लाख रू जारी कर दिए हैं।



फाइल फोटो

### 15 साल पुराने व्यावसायिक डीजल वाहन के परिचालन पर रोक

पटना के बाद अब गया और मुजफ्फरपुर नगर निगम क्षेत्र में डीजल वाले तिपहिया वाहनों पर रोक का निर्णय लिया गया है। 30 सितंबर 2023 के बाद इन दोनों नगर निगम क्षेत्रों में ऐसी गाड़ियां नहीं चलेंगी। इसके साथ ही, पटना, गया और मुजफ्फरपुर के डीजल चलित मालवाहक वाहनों के लिए अनुदान का भी प्रावधान कैबिनेट ने किया है। कैबिनेट ने गया और मुजफ्फरपुर में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के नजरिए से 15 साल पुराने डीजल चलित व्यावसायिक वाहनों पर पूर्ण रोक की भी स्वीकृति दी है। अक्टूबर की पहली तारीख से इन नगर निगम क्षेत्रों में ऐसे वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लागू हो जाएगा।

**दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल उपलब्ध कराएं:** बिहार सरकार ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की मिशन शक्ति योजना को अंगीकृत कर लिया है और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में 59,80,52,417 के व्यय की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री की समाधान यात्रा के दौरान सामने आया था कि लोग मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छात्र योजना जारी रखना चाहते हैं। इसकी अभी सीमा को भी समाप्त करने की मांग आई थी। बिहार कैबिनेट ने दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल उपलब्ध कराए जाने के प्रावधान में 10000 की अधिसीमा को समाप्त करते हुए योजना को चालू रखने की स्वीकृति दी।

## पटना के फुलवारी शरीफ में दुकान बंद कर रहे दुकानदार की सिर और सीने में गोली मार हत्या

- सोमवार की रात गमछा बांधे 3 से 4 बदमाशों ने फायरिंग कर घटना को दिया अंजाम
- एकता नगर पेट्रोल लाइन के पास की है घटना

**केटी न्यूज/पटना**

पटना में सोमवार की रात बदमाशों ने किराना दुकानदार की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी। 50 साल के ददन पाल दुकान बंद कर रहे थे। इसी दौरान गमछा बांधे 3 से 4 बदमाश आए और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। ददन पाल को सिर और सीने में 4 गोलियां लगीं। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना फुलवारी शरीफ के एकता नगर पेट्रोल लाइन के पास की है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हत्या के बाद बदमाश पैदल खोजा इमली की तरफ भाग निकले। हत्या की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं, पर स्थानीय लोगों के अनुसार यह वर्चस्व की लड़ाई है। इस हत्याकांड के बाद पूरे इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया। वारदात की सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थाने के एसडीपीओ विक्रम सिहाग 112 डायल की टीम और दल बल के साथ पहुंचे।

मृतक के बड़े भाई मदन पाल ने बताया कि साल 2022 में राजनीतिक कारणों से उनके बेटे कुंदन पाल की भी हत्या हुई थी। फुलवारी शरीफ पेट्रोल पंप के पास एक लिट्टी की दुकान पर उसे गोली मारी गई थी। ददन पाल और कुंदन पाल दोनों आपस में चाचा-भतीजा थे। दोनों ही करोड़ी चक के रहने वाले हैं। मृतक के परिवार वालों का कहना है कि इससे पहले ददन पाल के भतीजे कुंदन पाल की हत्या नगर निकाय चुनाव को लेकर आपसी रंजिश में हुई थी। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई है।






### चुनावी रणनीतिकार पीके की बिहार में मुहिम का दिखने लगा असर, आम से लेकर खास तक जुड़ रहे अभियान से

## प्रशांत किशोर के जनसुराज से जुड़े छह पूर्व आईएएस

**केटी न्यूज/पटना**

चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की मुहिम बिहार में बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। जनसुराज पद यात्रा के दौरान बिहार दौरे पर निकले प्रशांत किशोर ने बिहार के एक-एक गांवों में जाकर लोगों से जिस तरह संवाद स्थापित किया है, उसका लाभ भी अब उन्हें मिलने लगा है। सुदूर ग्रामीण इलाके में रहने वाले लोगों के साथ-साथ शहरी इलाके के लोग और ब्यूरोक्रेट्स भी जनसुराज में दिलचस्पी दिखाने लगे हैं।

मंगलवार को एक साथ बिहार के छह रिटायर आईएएस अधिकारी जनसुराज में



शामिल हुए। इस लिस्ट में पूर्व के विशेष सचिव समेत कई जिलों के पूर्व डीएम का नाम भी शामिल है। जनसुराज अभियान से जुड़ने वाले 6 सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारियों में अजय कुमार द्विवेदी शामिल है। पश्चिम चंपारण के रहने वाले अजय कुमार द्विवेदी बिहार सरकार में कैबिनेट विभाग के विशेष सचिव के पद से सेवानिवृत हुए। इसके अलावा पूर्णिया और कैमूर के रिटायर जिलाधिकारी अरविंद कुमार सिंह भी जनसुराज अभियान से जुड़ गए हैं। वे भोजपुर के रहने वाले हैं।

### कई जिलों के पूर्व डीएम का जनसुराज अभियान को मिला साथ

जनसुराज अभियान से जुड़ने वाले रिटायर आईएएस ललन यादव भी शामिल हैं। वे नवादा और कटिहार के डीएम रह चुके हैं। मुंगेर के रहने वाले ललन यादव का साथ मिलने से प्रशांत किशोर को बड़ी मदद मिलेगी। इस अभियान में पूर्वी चंपारण के रिटायर प्रशसनिक अधिकारी तुलसी हजार भी शामिल हैं। वे बेतिया के प्रशासक रह चुके हैं। जबकि स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत सचिव सुरेश शर्मा और ग्रामीण कार्य विभाग के सेवानिवृत संयुक्त सचिव गोपाल नारायण सिंह भी जन सुराज अभियान से जुड़ गए हैं। सुरेश शर्मा गोपालगज और गोपाल नारायण सिंह औरंगाबाद के रहने वाले हैं।

केशव टाइम्स

बक्सर, 03 मई 2023



# हर छह माह में सुदूर ग्रामीण इलाकों में चलाया जाएगा टीबी रोगी खोजी अभियान : सीएस

- जिले में टीबी मरीजों के खोज, इलाज व मॉनिटरिंग के लिए बनाई गई रणनीति
- आशा, एएनएम व सीएचओ की तय की गई भूमिका, सख्ती से कराया जाएगा दायित्वों का पालन

**केटी न्यूज/बक्सर**




प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में 2025 तक टीबी के संपूर्ण उन्मूलन को लेकर विशेष रणनीति तय की गई। सिविल सर्जन समेत जिलास्तरीय पदाधिकारियों ने बैठक कर अभियान में आशा, एएनएम व सीएचओ की भूमिका तय की। जिसका सख्ती से पालन कराया जाएगा। साथ ही, यह निर्णय लिया गया कि जिले में टीबी के नए मरीजों की खोज के लिए चिह्नित इलाकों मे तीन माह में खोजी अभियान चलाने के साथ साथ प्रत्येक छह माह में सुदूर ग्रामीण इलाकों में भी खोजी अभियान चलाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि जिले में टीबी को लेकर लोगों में जागरूकता जरूरी है। इसके लिए जिले के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरर्स पर पीआरआई, जीविका दीदी, आशा, एएनएम और ससीएचओ के द्वारा लगातार गतिविधियों का आयोजन कराया जाए। एचडब्ल्यूसी पर आयोजित होने वाले आरोग्य दिवस के दिन गर्भवती महिलाओं की टीबी स्क्रीनिंग की जाए। साथ ही, आरबीएसके की मोबाइल टीम के द्वारा स्कूलों व आगनबाड़ी केंद्रों पर जागरूकता अभियान के साथ साथ बच्चों की टीबी स्क्रीनिंग की जाएगी।

**टीबी मरीज की पुष्टि होने पर मिलेंगे 500 रुपए :** बैठक में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने कहा कि टीबी मरीज की खोज में फ्रंट लाइन वर्कर्स की भूमिका सबसे अहम है। फ्रंट लाइन वर्कर्स द्वारा टीबी के लक्षणों की पहचान कर उन्हें जांच के लिए रेफर करना है। जांच में यदि मरीज में टीबी की पुष्टि होती है तो उन्हें 500 रुपए की राशि प्रथम सूचक के रूप में दी जाएगी। साथ ही, सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आयोजित होने वाली ओपीडी सेवा के चार प्रतिशत मरीजों को भी जांच के लिए रेफर किया जाना है। जिसकी निगरानी हेल्थ मैनेजर करेंगे। उन्होंने बताया कि जिले में ट्रूनेट से जांच के लिए मरीजों को जिला यक्ष्मा केंद्र, सदर अस्पताल, डुमरांव अनुमंडल अस्पताल तथा ब्रह्मपुर व सिमरी पीएचसी में रेफर किया जाएगा।

बैठक में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह, डब्ल्यूएचओ के एनटीईपी कन्सल्टेंट डॉ. बिज्येंद्र कुमार सौरभ, डीपीसी कुमार गौरव समेत जिला यक्ष्मा केंद्र के कर्मचारी, एसटीएलएस व एसडीएस मौजूद रहें।

### टीबी उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत

डॉ. शालिग्राम पांडेय ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2030 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है। लेकिन भारत सरकार ने वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है और इस संकल्प को पूरा करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए लोगों में टीबी के प्रति जागरूकता पैदा करनी होगी। अब टीबी उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। जिसके लिए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की परिकल्पना सभी सामुदायिक हितधारकों को एक साथ लाने के लिए की गई है। इसके अलावा टीबी के प्रति प्रचार प्रसार को तेज और व्यापक किया जाएगा। जिससे लोगों तक जानकारी पहुंचे की जिले में टीबी का उपचार प्रभावी, सुलभ और नि:शुल्क है।

## नटराज पेंसिल की पैकेजिंग के नाम पर ठगी, प्राथमिकी दर्ज

**पटना।** आजकल सोशल मीडिया पर झूठ व ठगी का कारोबार खूब पनप रहा है। जिससे आए दिन लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। ऐसा ही एक वाक्या पटना में देखने को मिला है, जिसमें नटराज पेंसिल में पैकेजिंग के काम के एवज में विशाल शर्मा नाम के व्यक्ति ने बालाजी नाम के युवक से पैसे ऐंठ लिए। ठगी का शिकार होने वाले बालाजी ने बताया कि उसने फेसबुक पर नटराज पेंसिल पैकेजिंग के वर्क फोर होम का काम देखा था। उसके लिंक पर एक्सेस करने के बाद विशाल शर्मा नाम के व्यक्ति का फोन आया जिसने रजिस्ट्रेशन के नाम पर 620 रुपए भेजने को कहा। विशाल शर्मा ने बालाजी को एक फर्जी पहचान पत्र बना कर कुछ देर में भेज दिया। दो दिनों के बाद बालाजी को दो बजे फोन पर सदीसोपुर पेंसिल की डिलीवरी के लिए बुलाया जाता है। फिर उसे विवेक अग्रवाल ने 2590 की डिमांड की। नहीं देने पर धमकी और जुर्माने लगाने की मांग करने लगा और अपशब्द कहा। जिसके बाद बालाजी ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। उन्होंने दर्ज प्राथमिकी में पुलिस को बताया कि विशाल शर्मा ने 6003215736 और विवेक अग्रवाल ने 7008873714 नंबर से कॉल किया था।

## बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत

**आरा।** भोजपुर के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के बसौरी स्थिति छलका के पास सोमवार की देर शाम सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। बाजार से घर लौट रहे युवक को किसी अज्ञात वाहन द्वारा रौंद दिया गया। उसमें उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

### भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव का मामला, घटना के बाद मची अफरातफरी

# नाच देखने के दौरान गोली लगने से सीआरपीएफ जवान के बेटे की मौत

- इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में तोड़ा दम
- घटना का कारण स्पष्ट नहीं, मामले की तफ्तीश में जुटी पुलिस
- नर्तकी पर पैसे लुटाने को ले विवाद में गोली चलाये जाने की चर्चा
- एसपी बोले: फायरिंग करने वाले चिन्हित, जल्द पकड़े जायेंगे

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव में सोमवार की रात तिलक समारोह में नाच देखने गये दसवीं के एक छात्र की गोली लगने से मौत हो गयी। गोली उसके गर्दन के ठीक बीचोबीच लगी थी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाने उसने दम तोड़ दिया। मृत छात्र भदवर गांव निवासी सीआरपीएफ जवान आनंद कुमार का 16 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार था। आनंद कुमार फिलहाल राजगीर में तैनात हैं। वहीं घटना के बाद अफरातफरी मच गयी। नाच देख रहे लोगों और तिलक समारोह में भगदड़ मच गयी। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और अपने स्तर से मामले की छानबीन की गयी। हालांकि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि गोली किसने और क्यों चलाई। इधर, नर्तकी पर पैसे लुटाने के विवाद में गोली चलाये जाने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि आनंद कुमार के पड़ोसी गुड्डू सिंह के घर सोमवार की रात तिलक आया था। उसमें नाच का भी प्रोग्राम चल रहा था। आनंद कुमार का पुत्र आर्यन भी अपने बड़े भाई अभय के साथ तिलक में भोज खाने गया था। उसके बाद आर्यन नाच देखने चला गया। तभी वहां किसी द्वारा फायरिंग कर दी गयी। उसमें आर्यन के गर्दन में गोली लग गयी। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि भदवर गांव में रात में तिलक समारोह के दौरान कुछ प्रोग्राम चल रहा था। उसी प्रोग्राम के दौरान गोली चलने से एक किशोर गले में गोली लग गई, जिसकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गयी। गोली मारने वाले की पहचान कर ली गयी है और गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

**भाई बोला: उसकी बात मान कर चल चला गया होता, तो बच गयी होती जान:** आर्यन अगर मेरी बात मान कर घर चला गया होता, तो उसकी जान बच गयी होती। इतना कहते-कहते बड़ा भाई अभय कुमार फफक पड़ता है। अभय का कहना है कि पड़ोस में गुड्डू का तिलक आया था।? उसमें नाच का भी प्रोग्राम था। दोनों भाई तिलक समारोह में दोनों भोज खाने गए थे। खाने के बाद उसने अपने छोटे भाई आर्यन से कहा कि चलो घर चलो। घर से भी बार-बार कॉल आ रही है। आर्यन ने उसकी बात नहीं मानी और नाच देखने चला गया। नाच के दौरान किसी एक युवक द्वारा फायरिंग कर दी गई। उसमें उसके छोटे भाई को गोली लग गयी। घटना के बाद पूरे गांव में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। ग्रामीणों के अलावे तिलक समारोह में आये लोग इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलने पर वह परिजनों के साथ पहुंचा, तो देखा कि उसका भाई खून से लथपथ जमीन पर गिरा है। उसके बाद बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**दो भाइयों में छोटा था आर्यन, मौत से घर में कोहराम:** सुखद और सुहाने जिंदगी के सपने संजोए मां संजू व पिता आनंद राय को यह पता नही था कि तिलक के नेवता पर भोज खाने जा रहे बेटे आर्यन को अब वह अपने हाथों कभी नहीं खिला पायेंगे। दादा बृजनंदन राय अपने घर के छोटे पोते की मौत पर दुखी हैं।बड़े भाई अभय के आंखों के आंसू नहीं थम रहे।चाचा सुपन राय,बुधु राय,लक्ष्मण राय को घर के इस बच्चे के असमय काल कवलित होने का दुख है। आसपास के लोगों की मानें तो खाना खाने के बाद अपने हमउम्र लड़कों के संग आर्यन डांस प्रोग्राम देखने चला गया था। आधी रात को डांसरों द्वारा बोल्ड डांस के बीच अचानक नए उम्र के लड़कों द्वारा किए जा रहे हर्ष फायरिंग की जाने लगी। तभी बंदूक से निकली एक गोली आर्यन के गले में जा लगी। चिकित्सा के लिए जाते सोलह वर्षीय आर्यन की मौत हो गई। इस घटना से परिवार और गांव के साथ पूरे इलाके के अभिभावकों के बीच अपने बच्चों के भविष्य को लेकर भय व्याप्त हो गया है। बताया जा रहा है आर्यन अपने दो भाइयों में छोटा था। उसके परिवार में मां संजू देवी एवं एक भाई अभय कुमार है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। बेटे के वियोग में प्राण संजू देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**जमीरा गांव से भदवर गांव में आया था तिलक:** पुलिस और प्रशासन के लाख आदेशों के बावजूद हर्ष जिले में फायरिंग पर रोक नही लग पा रही।बीती रात भदवर निवासी धर्मेंद्र यादव के बेटे गुड्डू का तिलक जमीरा गांव से आया था।तिलक संपन्न होने के बाद सभी नए उम्र के युवा खाना खाकर घर के बगल में हो रहे डांस प्रोग्राम देखने चले गए।बोल्ड डांस के बीच भीड़ में से किसी ने आग्नेयास्त्र निकाला व फायरिंग की।गोली फंसने के बाद एक दूसरे से दिखाने के चक्कर में गोली चल गई जिसमे बगल गांव से आए एक लड़के को गोली लगी जिसमे उसकी मौत हो गई थी।

# अनैतिक यौनाचार का प्रयास कर रहे दोस्त को मारी गोली



- पवना गांव स्थित उर्दू मध्य विद्यालय के पास सोमवार की सुबह की घटना
- पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को किया गिरफ्तार
- आरोपित बोला: पूर्व में भी उससे साथ कर चुका है गलत काम

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव स्थित उर्दू मध्य विद्यालय के समीप सोमवार की सुबह एक युवक ने अपने दोस्त को गोली मार दी। गोली उसके दाहिने साइड सीने में लगी है, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। जख्मी युवक पवना गांव शरीफ मियां का 18 वर्षीय पुत्र सागीर आलम है। उसका इलाज शहर के बाबू बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह पवना थाना क्षेत्र के ही अरैला गांव निवासी अंकित कुमार है। उसके पास से एक देसी कट्टा, एक खोखा और मोबाइल बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार वह जख्मी सागीर आलम का दोस्त बताया जा रहा है। उसने अपना जूर्म भी कबूल कर लिया है। कहा कि सागीर आलम द्वारा उसके साथ अनैतिक यौनाचार की कोशिश की जा रही थी। उस कारण उसने सगीर आलम के ही हथियार से उसे गोली मार दी। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा प्रेस कांफ्रेंस कर बताया गया कि घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस पहुंची और जख्मी को अस्पताल पहुंचाया गया। उसके बाद आरोपित की गिरफ्तारी और घटना की छानबीन को लेकर एएसपी चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम द्वारा अस्पताल पहुंच जख्मी से घटना की जानकारी ली गयी। उसकी शिकायत पर अरैला गांव निवासी आरोपित अंकित कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। गोली मारने में इस्तेमाल कट्टा और खोखा भी बरामद कर लिया गया। एसपी के अनुसार अंकित कुमार ने पूछताछ में बताया कि सागीर आलम का उसके साथ दोस्ताना संबंध था। वह शुरू से ही गलत काम करने का दबाव देता है। उसके लिए उसने हथियार और गोली भी दिया था। वह उसके साथ पूर्व में भी गलत काम कर चुका था। एसपी ने बताया कि मामले की अभी छानबीन की जा रही है। अनुसंधान के बाद मामला पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगा। टीम में थानाध्यक्ष सुरेश सिंह भी शामिल थे।




### जख्मी बोला : गांजा नहीं देने पर मारी गोली

इधर, जख्मी सगीर आलम ने बताया कि सोमवार की सुबह वह गांव में ही स्थित उर्दू मध्य विद्यालय की ओर घूमने गया था। वहां पहले से ही अंकित कुमार नामक एक युवक बैठा था। उसे देख वह भी वहां बैठ गया। तब अंकित उससे पीने के लिए गांजा मांगने लगा। उसने कहा की उसके पास गांजा नहीं है। उसी बात को लेकर अंकित उसे गाली देने लगा। उसे लेकर दोनों के बीच नोंकझोंक हुई। उसके बाद अंकित अपने घर गया और हथियार लाकर उसे गोली मार दी। गोली लगने के बाद वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। उसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां से शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट अस्पताल लाया गया।

# पहल... यातायात के साथ अपराधियों को भी कंट्रोल करेंगे ट्रैफिक थाने के पुलिसकर्मी

**केटी न्यूज/आरा**

शहर में अपराधियों को अब पुलिस से बचना मुश्किल होगा। थानों की पुलिस के साथ ही यातायात पुलिस भी अब अपराधियों से दो-दो हाथ करेंगे। इसके लिए यातायात थाने के पुलिस कर्मियों को पिस्टल और वॉकी-टॉकी से लैस किया है। शहर को जाम और अपराध से मुक्त करने के लिए एसपी प्रमोद कुमार की ओर से इसकी पहल की गयी है। इसके तहत पहले चरण में शहर के महत्वपूर्ण ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात यातायात के पुलिस कर्मियों को पिस्टल और वॉकी-टॉकी उपलब्ध कराया गया है। अगले चरण में हर ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात डीएपी जवानों को आधुनिक हथियार उपलब्ध करा दिया जाएगा।

एसपी ने बताया कि यातायात को सुचारू ढंग से संचालन के साथ ट्रैफिक पुलिस कर्मी अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम भी करेंगे। उसके लिए विभिन्न महत्वपूर्ण पोस्ट पर तैनात यातायात पुलिस के अफसरों और कर्मियों को पिस्टल एवं वॉकी-टॉकी उपलब्ध कराया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य आपराधियों पर नजर रखना और भयमुक्त वातावरण माहौल तैयार करना है। हथियार से लैस यातायात पुलिस कर्मी ट्रैफिक को सुचारू बनाने के साथ आपराधिक गतिविधियों की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करेंगे। ताकि अपराधियों पर नकेल कसी जा सके। जल्द ही हर ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात डीएपी जवानों को भी आधुनिक हथियार उपलब्ध करा दिया जाएगा। उससे पहले एसपी द्वारा सोमवार को यातायात थाने का निरीक्षण किया गया। उन्होंने यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए उपयोग में लाये जाने वाले वाहनों के अतिरिक्त तमाम संसाधनों और उपकरणों का जायजा लिया।

# रिटायर प्रोफेसर के बेटे की संदिग्ध स्थिति में मौत, जहर खाने की जताई जा रही आशंका

**केटी न्यूज/आरा**




शहर के नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर में सोमवार की सुबह एक रिटायर प्रोफेसर के बेटे की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। जहर खाने से युवक की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। मृतक मूल रूप से गड़हनी थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी अनिल कुमार सिंह का 35 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार रंजन था। वह करीब 25 वर्षो से जगदेवनगर में मकान बनाकर अपने परिवार के साथ रहता था। बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह उसने विषपान कर लिया। उससे उसकी हालत बिगड़ गयी। उसके बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया था। पटना ले जाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

आशीष कुमार रंजन के साला बबलू कुमार ने बताया कि उनके चाचा की पूर्वी गुमटी के पास श्रृंगार की दुकान है। सोमवार की दोपहर वह उसी दुकान पर गए और सो गए। तभी उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गयी। उन्होंने बताया कि उसके जीजा का घरेलू विवाद है। हालांकि उसने किसी भी व्यक्ति पर किसी प्रकार की कोई आशंका नहीं जताई है। हालांकि युवक की की मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है।

### विश्व अस्थमा दिवस विशेष : अस्थमा केयर फॉर आल है इस वर्ष की थीम

# श्वास रोग से पीड़ित व्यक्ति के लिए कोरोना संक्रमण का खतरा अधिक

**केटी न्यूज/आरा**



विश्व अस्थमा दिवस हर वर्ष के मई महीने के पहले मंगलवार को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य जनमानस में अस्थमा को लेकर जागरूकता लाना एवं अस्थमा से होने वाली मृत्यु के मामलों को कम करना है। इस वर्ष अस्थमा दिवस के अवसर पर अस्थमा केयर फॉर आल को थीम के रूप में चुना गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वैसे तो कोरोना के संक्रमण से कोई भी ग्रसित हो सकता है लेकिन श्वास संबंधी बिमारियों से ग्रसित लोगों को इससे संक्रमित होने का खतरा ज्यादा होता है। श्वास से जुडी बीमारी वाले मरीजों के फेफड़ों में समस्या पायी जाती है और कोरोना संक्रमण का सीधा असर संक्रमित व्यक्ति के फेफड़ों पर ही पड़ता है।

**अस्थमा के मरीज रहें सतर्क:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अस्थमा रोगियों के लिए बदलता हुआ मौसम चुनौती लेकर आता है। धुल, गर्मी और तनाव तीनो ही चीजें उनके अस्थमा को बढ़ा सकती हैं। कोविड-19 के बाद यह जोखिम और भी ज्यादा बढ़ा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वैसे लोग जो पहले अस्थमा की समस्या से बचे हुए थे कोरोना से उबरने के बाद उन्हें सांस की समस्या के लक्षण नजर आने लगे हैं। चिकित्सकों के अनुसार कोरोना की चपेट में आये कुछ लोगों में आफ्टर कोरोना के साइड इफेक्ट के तौर पर एलर्जिक अस्थमा के मामले बढ़े हैं। इसका मुख्य कारण सांस से संबंधित इम्युनिटी का कमजोर होना है।

### क्या है अस्थमा

सांस मार्ग में सूजन होने पर सांस की अवस्था भारी हो जाती है जिसे अस्थमा कहा जाता है। अस्थमा के होने के कई कारण हो सकते हैं, वंशानुगत, वायरल इन्फेक्शन, एलर्जी तथा कोविड-19 के संक्रमण भी एक प्रमुख कारण है। इसके अलावा व्यायाम, जलवायु से जुडी समस्या अथवा कुछ खास दवाओं की सेवन की वजह से भी अस्थमा का अटैक आ सकता है।

**अस्थमा के लक्षण:**

- तेज खांसी के साथ सांस लेने में दिक्कत तथा सांस का फूलना
- सीने में जकड़न और दर्द रहना
- घबराहट अथवा बेचैनी
- अक्सर थकान महसूस होना
- हमेशा वायरल इन्फेक्शन से ग्रसित होना

**चिकित्सकों द्वारा अस्थमा से बचाव के लिए निम्न तरीके बताये जाते हैं:**

- दमे का परिक्षण, फेफड़ों और एलर्जी की जांच कराएँ
- धूम्रपान न करें और करने वालों से दूरी बनायें
- ठंडे पेय के सेवन से बचें
- ज्यादा थकाने वाले काम न करें
- इन्हेलर का इस्तेमाल करें

# आरा में घर में मृत पाये गये डॉक्टर हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा स्थित शारदा हेल्थ केयर सेंटर के संचालक मंगलवार की सुबह अपने घर में मृत पाये गये। हृदय गति रुकने से मौत की आशंका जताई जा रही है। मृत हेल्थ केयर सेंटर संचालक मूल रूप से जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी सुरेंद्र पांडेय के 35 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार पांडेय थे। वह पेशे से डाक्टर थे और धनुपरा में शारदा हेल्थ केयर सेंटर चलाते थे। उनका पटना के दानापुर में भी अपना घर है। हालांकि वह करीब तीन वर्षों से धनुपरा में मकान बना कर रहते थे। उनके चाचा विरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि प्रतिदिन की भांति वह सोमवार की रात भी खाने के बाद अपने कमरे में सो गये था। मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे तक वह नहीं जगे, तो उनका ममेरा भाई सोनू कुमार उन्हें जगाने गया। उसने जगाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं जगे। उनके शरीर में कोई हरकत भी नहीं थी। तब उसने उन लोगों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर वेलोग उनके कमरे में गए। उसके बाद बेहोशी की हालत में फौरन उन्हें आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर टाउन थाना की पुलिस भी पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया।

## खबरें फटाफट

### कृष्णाब्रह्म से लापता हुई सगी बहनें, मामला दर्ज

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के एक गांव से सगी बहनों के लापता होने का मामला सामने आया है। गायब होने वाली लड़कियों में एक बालिक जबकि दूसरी नाबालिक है। इस संबंध में उसके पिता ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करया है। जानकारी के अनुसार दोनों घर से कृष्णाब्रह्म के लिए निकली थी। लेकिन लौट कर घर नहीं आई। कुछ दिनों तक नाते रिश्तेदारी व संभावित जगहों पर तलाश करने के बाद परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराया है। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। इधर उनका पता नहीं चलने से परिजनों में अनहोनी की आशंका गहराने लगी है। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### 15 लीटर महुआ शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी क्षेत्र के बाली दलित बस्ती से 15 लीटर महुआ शराब के साथ एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार तस्कर गांव के अंजोर मुसहर है। इसकी पुष्टि करते हुए सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बाली दलित बस्ती के गली में महुआ शराब की बिक्री हो रही है। सूचना पर ओपीध्यक्ष ने जवानों के साथ जैसे ही चिन्हित स्थान पर छापेमारी करने पहुंची, पुलिस देखकर तस्कर गैलेन छोड भागने लगा। पुलिस के जवानों ने पीछा कर तस्कर को धर दबोचा। साथ ही गैलेन को पुलिस ने खोलकर देखा। गैलेन में 15 लीटर महुआ शराब था। जिसे पुलिस ने जब्त करने के साथ तस्कर पर मध निषेध के तहत नामजद एफआईआर दर्ज कर मंगलवार को जेल भेज दिया।

# अब सरकारी अस्पतालों में पेपरलेस होगा रजिस्ट्रेशन, शुरू हुआ भव्या पोर्टल

- भव्या पोर्टल पर मौजूद रहेगा मरीजों का ऑनलाइन डाटा
- पहले संजीवनी पोर्टल का सहारा ले रहा था स्वास्थ्य विभाग

**केटी न्यूज/बक्सर**





बक्सर सदर अस्पताल समेत जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को अब अपना रजिस्ट्रेशन कराने के लिए किसी तरह की पुर्जी नहीं कटानी पड़ेगी। बल्कि उनका रजिस्ट्रेशन ऑनलाईन होगा। इसके लिए मंगलवार को स्वास्थ विभाग द्वारा भव्या पोर्टल लांच किया गया। इस पोर्टल के लांच होने के बाद अब मरीजों का रजिस्ट्रेशन तथा इलाज ऑन लाईन होगा। इस दौरान विभाग द्वारा उनका डेटा भी सुरक्षित रखा जाएगा। जिससे भविष्य में इलाज कराना भी आसान होगा। इलाज के दौरान केवल रजिस्ट्रेशन नंबर से ही डाक्टरों को ऑनलाईन इलाज की पूरी जानकारी प्राप्त हो जाएगी। इस व्यवस्था के तहत डॉक्टरों को भी टैब के माध्यम से मरीजों का इलाज ऑन लाईन ही करना होगा। जिसमें मरीजों का सारा डेटा सुरक्षित रहेगा। इससे एक अस्पाल से दूसरे अस्पताल में जाने पर भी मरीजों को अपने साथ पिछले डाक्टर की पुर्जी तथा जांच रिपोर्ट ले जाने से छुटकारा मिल जाएगा। जिले में इस सुविधा की शुभारंभ के तहत मरीजों का रजिस्ट्रेशन एवं दवा वितरण का कार्य शुरू हो गया है। जल्दी ही डॉक्टरों को भी टैब मुहैया करा दिया जाएगा। जिससे वे आसानी से मरीजों का इलाज कर सकेंगे। इससे मरीजों तथा डाक्टरों दोनों के समय की बचत तथा इलाज में सहूलियत मिलेगी। वही परिजनों को भी विभिन्न जांच रिपोर्ट के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। पोर्टल पर कार्य कर रहे ऑपरेटरों ने बताया कि नया पोर्टल होने के कारण कुछ देर के लिए समस्या हुई थी। लेकिन जल्दी ही इसे ठीक कर लिया गया। अब कोई समस्या नहीं है तथा सुचारू तरीके से इस पोर्टल पर काम हो रहा है।

**स्वास्थ्य व्यवस्था को पेपरलेस बनाने के लिए की गई कवायद:** इसके पूर्व संजीवनी पोर्टल पर काम हो रहा था। इसमें कुछ खामियां थी। जिसे देखते हुए विभाग द्वारा अब भव्या पोर्टल का सहारा लिया गया है। इसका मुख्य उदेश्य है विभाग के कामों और मरीजों के इलाज को पेपरलेस करना है। इस पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग को पेपरलेस बनाने की कवायद शुरू की गई है। इसमें मरीजों का एक यूनिक कोड दिया जाएगा। जिसके माध्यम से मरीज बिना पेपर के अन्य अस्पतालों व डॉक्टरों से इलाज करा सकते है। अब उन्हें एक डाक्टर का पूर्जा व जांच रिपोर्ट लेकर घुमने की बाध्यता नहीं रह जाएगी।

**क्या कहते हैं अस्पताल प्रबंधक**

सदर अस्पताल के प्रबंधक दुष्यंत कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर संजीवनी पोर्टल की जगह भव्या पोर्टल शुरू किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से मरीजों को पेपरलेस सुविधा के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को पेपरलेस करने की दिशा में पहल किया गया है। इसमें रजिस्ट्रेशन से लेकर दवा वितरण एवं इलाज तक सभी ऑनलाइन होगा।

## खतरा बढ़ा: बक्सर-आरा मार्ग पर तेज रफ्तार बन रही हादसे की वजह

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत, आधा दर्जन से अधिक जख्मी

- चंदा गांव के पास सड़क पर अचानक जानवर आ जाने से अनियंत्रित हो पलट गई स्कूटी
- चुरामनपुर के पास सड़क पार करने के दौरान युवक की मौत

**केटी न्यूज/ बक्सर**





पिछले 24 घंटे में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला समेत दो की मौत हो गई है। जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी हुए हैं। इनमें से दो घटनाएं एनएच 922 पर जबकि तीसरी घटना मुरार थाना क्षेत्र के वसंतपुर गांव के पास की तथा चौथी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बनारपुर गांव की है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को बक्सर निवासी 41 वर्षीय तरूण कुमार बक्सर से स्कूटी पर सवार हो भोजपुर की तरफ जा रहा था। वह एनएच 922 पर जैसे ही चंदा गांव के पास पहुंचा कि अचानक सड़क पर एक जानवर आ गया। जिससे टकरा उसकी स्कूटी अनियंत्रित हो पलट गई तथा वह स्कूटी के साथ सड़क पर करीब 100 मीटर तक घिसटते चला गया था। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो हेमलेट पहनने के कारण उसकी जान बच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल 112 की टीम ने उसे इलाज के लिए स्थानीय प्रतापसागर मेथोडिस्ट अस्पताल पहुंचाया। वहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे बक्सर रेफर कर दिया गया। वही दूसरी घटना भी एनएच 922 की है। जानकारी के अनुसार रात करीब 11 बजे एक दिव्यांग चुरामनपुर के पास सड़क पार कर रहा था। इस दौरान वह एक तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आ गया। जिससे उसे गंभीर चोटें आई। आनन फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक दिव्यांग था। उसकी पहचान स्थानीय गांव निवासी 45 वर्षीय पकौड़ी यादव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह ई रिक्शा चला अपने परिवार का भरण पोषण करता था। वहीं तीसरी घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बनारपुर गांव के पास की है। यहां मोहनिया की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो सड़क किनारे स्थित एक झोपड़ी में घुस गई। संयोग से उस वक्त झोपड़ी में कोई नहीं था। जिस कारण बड़ा हादसा होते होते बच गया। हालांकि स्थानीय पुलिस कार को जब्त कर मामले की जांच कर रही है।

### मुरार के बसंतपुर में बारातियों से भरी पिकअप पलटी, एक की मौत

मुरार थाना क्षेत्र के वसंतपुर गांव के पास बारातियों से लदी एक पिकअप पलट गई। जिससे एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए है। घटना मंगलवार सुबह वसंतपुर शिवपुर मार्ग की है। मृतक बुधिया देवी उम्र 62 वर्ष पति हिरालाल मुसहर चौगाई अनुसूचित जाति बस्ती की रहने वाली थी। बताया जाता है कि चौगाई दलित बस्ती के ब्लू मुसहर के बेटे की बरात पिकअप से क्वाथ गई थी। सुबह में बरात लौट रही थी। पिकअप पर महिला पुरूष समेत कुल 20 बराती सवार थे। जैसे ही पिकअप वसंतपुर गांव के पास पहुंची कि तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित हो सड़क किनारे के एक पोल से टकरा पलट गई। इस दुर्घटना में बुधिया मैजिक के नीचे दब गई थी। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने उसे मैजिक से निकाल चौगाई सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही इस दुर्घटना में मैजिक पर सवार करीब आधा दर्जन यात्री भी जख्मी हुए है। जिनका इलाज विभिन्न अस्पतालों में कराया जा रहा है। घटना के बाद से महादलित बस्ती के लोगों में गहरा आक्रोश था। पुलिस ने किसी तरह मान मनौव्वल कर शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर

### मध्य विद्यालय महावीर चबूतरा के शिक्षक का आकस्मिक निधन, शिक्षकों ने जताया शोक

**डुमरांव।** डुमरांव के चर्चित मध्य विद्यालय महावीर चबूतरा के शिक्षक महेश प्रसाद यादव का असामयिक निधन हो गया है। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। शिक्षकों ने शोक जताते हुए पीड़ित परिवार को इस असह्य कष्ट को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। बता दें कि महेश प्रसाद यादव पूर्व में डुमरांव बीआरसी के बीआरपी भी रहे है। वही वे उच्चकोटि के शिक्षाविद थे। मध्य विद्यालयच में होने के बावजूद वे इंटरमीडिएट के छात्रों को कोचिंग देते थे। उनके निधन से परिवार को गहरा आघात पहुंचा है। उनके बीमारी के दौरान शिक्षकों ने भरपूर सहयोग किया था। लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। उनके निधन पर शोक जताने वालों में शिक्षक उपेन्द्र पाठक, पूणानंद मिश्र, धीरज पांडेय, जितेन्द्र ठाकुर, कमलेश पाठक, अवधेश कुमार, उदय सिंह, जनार्दन सिंह यादव, ब्रजभूषण सिंह, प्रमोद कुमार, अनिल कुमार, शमशाद आलम, अमृत जायसवाल ,मनोज भगत, बिहारी जी, चंद्रदेश सिंह, जय कुमार राय, कैलाश प्रसाद गंगासागर यादव, संजय कुमार दूबे समेत कई अन्य शिक्षक शामिल रहे।

### पारिवारिक कलह से तंग आकर शिक्षक ने गोली मार आत्महत्या का किया प्रयास, स्थिति गंभीर



**बक्सर।** पारिवारिक कलह से तंग आ एक शिक्षक ने आत्महत्या के लिए खुद को गोली मार लिया। लेकिन उसकी जान बच गई। आनन फानन में परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डाक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। जख्मी शिक्षक वैभव कुमार उम्र 35 वर्ष बड़का नुआंव गांव के दिलीप कुमार के पुत्र है तथा वे इटाढ़ी प्रखंड के पीठनी हाई स्कूल में बतौर अंग्रेजी शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। मिली जानकारी के अनुसार उनका अपनी मां से किसी बात को लेकर अनबन हो गया। इसी से नाराज शिक्षक ने अपने सर में गोली मार इहलीला समाप्त करने की ठानी। उसने घर में रखे पिस्टल से कनपटी के पास गोली मार भी लिया। लेकिन संयोग अच्छा था कि गोली सर को आर पार करने के बजाय उपर से निकल गई। आवाज सुन घर वाले उस कमरे में दौड़े जिसमें वैभव था। परिजनों ने देखा कि वह वह खून से लथपथ हो गया है। इसके तत्काल स्थानीय स्तर पर इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे लेकर बनारस चले गए। इधर घटना की जानकारी मिलते ही मुफस्सिल थाने की पुलिस जांच में जुट गई है।

### नये अंचलाधिकारी ने किया पदभार ग्रहण

**केसठ।** केसठ अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी कुमारी अनुकंपा के सेवानिवृत्त होने के बाद नए अंचलाधिकारी के रूप में चक्की सीओ कौशल कुमार ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। नए अंचलाधिकारी ने अंचल कर्मियों के साथ मंगलवार को बैठक कर परिचय प्राप्त किया और पूरे अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के जनता के कार्यों को तत्परता पूर्वक कार्य किया जाएगा। उन्होंने अपने कर्मियों से लंबित कार्य को जल्द पूरा करने को लेकर निर्देश दिया। डेली वर्क को तत्परता के साथ निपटाने का कार्य करेंगे। कोई कार्य पेंडिंग नहीं रहना चाहिए। आमजन का कोई कार्य नहीं रुकना चाहिए। मौके पर अजय विक्रांत, मनोज केशरी, अनिल गुप्ता, परशुराम मिश्र, अमित कुमार समेत अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### नई शिक्षक नियुक्ति नियमावली के खिलाफ शिक्षकों ने निकाला प्रतिरोध मार्च





**बक्सर।** नई शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2023 के खिलाफ शिक्षकों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस नियमावली के विरोध में मजदूर दिवस के मौके पर बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर जिला इकाई के बैनर तले प्रतिरोध दिवस मनाया गया। यह प्रतिरोध दिवस जिलाध्यक्ष विनोद कुमार चौबे एवं जिला सचिव शंकर प्रसाद के नेतृत्व में नगर के किला मैदान से समाहरणालय तक निकाला गया था। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा लाई गई नई शिक्षकम नियमावली 2023 शिक्षकों के लिए एक काला कानून है। प्रवक्ता लक्ष्मण सिंह ने कहा कि इस नियमावली में बिहार सरकार द्वारा संविधान प्रदत्त समानता के मौलिक अधिकारों का हनन किया गया है। प्रतिनिधि मंडल में शिक्षक नेता ब्रजेश कुमार राय, जिलाध्यक्ष विनोद कुमार चौबे, जिला सचिव शंकर प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष रंजन कुमार एवं जिला पार्षद चंदन राय शामिल रहे। प्रतिरोध मार्च में माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रमंडलीय उपाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी, जिला उपाध्यक्ष रंजन कुमार, राज्य कार्यसमिति सदस्य अशोक कुमार राय, मूल्यांकन परिषद अध्यक्ष केके ओझा, परीक्षा सचिव विनोद यादव, प्रमंडलीय कार्य समिति सदस्य अखिलेश्वर दूबे व अन्य शामिल रहे।

## जेईई मेंस में दसियांव गांव के रजनीकांत का बेहतर प्रदर्शन

**केटी न्यूज/केसठ**



परिश्रम का फल मीठा होता है। आखिर परिश्रम व लगन को मुकाम मिल ही गया। ऐसा कर दिखाया है प्रखंड के दसियांव गांव निवासी कृष्णकांत उपाध्याय एवं चिंता देवी के पुत्र रजनीकांत उपाध्याय ने जेईई मेंस की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। जिसे गांव एवं परिवार में खुशी की लहर व्याप्त है। रजनीकांत शुरू से ही पढ़ाई में अब्बल आते आते थे। उन्होंने अपने परिश्रम के बल पर अपने पहले प्रयास में ही 97 प्रतिशत लाकर अपने परिवार और गांव का नाम रोशन किया है। उनके कामयाबी पर पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। वही रजनी कांत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, चाचा एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है।उन्होंने बताया कि कठिन परिश्रम व लगन के कारण सफलता मिली है। वही प्रारंभ से ही पढ़ाई में अव्वल आने वाले रजनीकांत आगे इंजिनियर बनकर देश व समाज की सेवा करना चाहते हैं।

### करंट की चपेट में आया युवक, इलाजरत

**बक्सर।** बक्सर के पांडयेपट्टी मोहल्ले में मंगलवार को एक शादी समारोह में डेकोरेशन के दौरान एक युवक करंट की चपेट में आ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक को आनन-फानन में ग्रामीणों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहा उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को पांडेपट्टी में एक शादी समारोह को ले डेकोरेशन का काम किया जा रहा था। इसी दौरान डेकोरेशन टीम में शामिल अभिषेक कुमार नामक युवक धारा प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। समाचार लिखे जाने तक सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद विवाह वाले घर में अफरा तफरी मच गई थी।

## नया बाजार में भूमि विवाद में दहशत फैलाने के लिए अपराधियों ने की गोलीबारी, दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बक्सर**



सोमवार की रात नगर थाना क्षेत्र के नया बाजार में दो अपराधियों ने एक महिला के घर से सामने गोलीबारी की। जिसकी सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला जमीन विवाद से जुड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार नया बाजार निवासी पुष्पा देवी के घर सोमवार की रात नगर के मुसाफिर गंज निवासी बंटी कुमार और मित्रलोक कॉलोनी निवासी रितेश कुमार ने जमीन विवाद में गोलीबारी किया था। हालांकि पुष्पा देवी द्वारा तत्काल इसकी सूचना नगर थाने की पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची नगर थाने की पुलिस ने दोनों को अंबेडकर चौक के पास से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से पुलिस ने तीन पिस्टल के खोखे बरामद किया है। नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि महिला की शिकायत पर दोनों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि इनका एक साथी पुलिस को चकमा दे पिस्टल लेकर फरार हो गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी बंटी कुमार हत्या के मामले में जेल से हाल ही में छूट कर बाहर आया था। वही दहशत फैलाने के लिए उसने महिला के घर गोलीबारी किया है।

## आईआरसीटीसी के नेतृत्व में शुरू होगी ज्योतिर्लिंग यात्रा, 12 दिन एवं 11 रात की यात्रा को लेकर तैयारियां तेज

# 20 मई से धार्मिक स्थलों का परिभ्रमण कराएगी भारत गौरव पर्यटन ट्रेन

**केटी न्यूज/बक्सर**



देश के सभी ज्योतिर्लिंग तथा अन्य धार्मिक स्थलों का परिभ्रमण कराने के उदेश्य से आईआरसीटीसी द्वारा 20 मई से भारत गौरव पर्यटन ट्रेन का परिचालन कर रही है। यह टेज्न बक्सर से होकर गुजरेगी। जिससे स्थानीय लोगों को भी इस पर्यटन का लाभ मिल सकेगा। मंगलवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर आइआरसीटीसी के अधिकारियों ने यात्रा के लिए निर्धारित राशियों के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शुरू कराई जा रही इस यात्रा श्रद्धालुओं को 33 प्रतिशत की सब्सिडी दी जा रही है। यात्रा किराया तीन श्रेणियों में बांटा गया है। यात्रा की शुरूआत 20 मई से कोलकात्ता से की जाएगी। जिसमें जिले के इच्छुक श्रद्धालु भी अपना बुकिंग करा सकते है। जो बक्सर के रास्ते शिरडी साई बाबा दर्शन के बाद वापस लौट जाएगी। यात्रा कोलकात्ता से शुरू होकर विभिन्न स्टेशनों पर यात्रियों के लिए रूकती हुई संचालित होगी।

### स्लीपर क्लास के लिए देने होंगे 20 हजार रुपए

स्लीपर क्लास की यात्रा के लिए 20 हजार 60 रुपए प्रति व्यक्ति, 3 एसी क्लास के लिए 31 हजार 800 रुपए प्रतिव्यक्ति एवं 2 एसी क्लास में यात्रा के लिए शुल्क 41 हजार 600 रुपए प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है। जिसमें सभी यात्रियों के लिए श्रेणी के हिसाब से होटल किराया, घूमने की व्यवस्था, शाकाहारी भोजन एवं हर कोच में सुरक्षाकर्मी एवं टूर स्कॉर्ट मौजूद रहेंगे। बुकिंग के लिए अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि आईआरसीटीसी के बिस्कोमान टावर के साथ ही आईआरसीटीसी के वेबसाइट पर बुकिंग किया जा सकता है।

इस क्रम में बक्सर से बुकिंग कराने वाले यात्रियों के लिए रूकेगी। यात्रा के दौरान उज्जैन, महाकालेश्वर, विश्वामित्री स्टैचू ऑफ यूनिटी, द्वारका, सोमनाथ, शिरडी, नासिक तक विभिन्न धार्मिक स्थलों का दर्शन कराते हुए 31 मई को वापस लौटेगी। अधिकारियों ने बताया कि इस धार्मिक यात्रा को लेकर देशभर के श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों में उत्साह व्याप्त है। उन्होंने कहा कि यात्रा का मुख्य उदेश्य देश में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देना है। अधिकारियों ने कहा कि अभी से ही इस यात्रा के प्रति लोगों में उत्साह व्याप्त है। प्रेस वार्ता में अरबिंद कुमार चौधरी, महेश गोंड एवं श्रीकांत कुमार शामिल रहे।

# चुनावी वैतरणी पार कराने आज बलिया आ रहे सीएम योगी आदित्यनाथ

**केटी न्यूज/बलिया**



यूपी नगर निकाय चुनाव को लेकर सियासी घमासान चरम पर है। निकाय चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरी बागडोर खुद थाम ली है। सीएम योगी तीन मई को बलिया में जनसभा को संबोधित कर चुनावी पारा गर्म करेंगे। सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। नगर के सतीशचंद्र कालेज में सीएम योगी का कार्यक्रम प्रस्तावित है। बलिया नगर पालिका का चुनाव मतदान की तारीख करीब आते-आते दिलचस्प होता जा रहा है। अभी तक कैडर वोट और जातीय समीकरणों के सहारे चुनावी वैतरणी पार करने की कोशिश में लगे प्रत्याशियों की लड़ाई में अब सीएम योगी आदित्यनाथ की एंट्री हो गई है।

सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को बलिया के एससी कॉलेज के ग्राउंड में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा करेंगे। रैली को सफल बनाने के लिए भाजपा पदाधिकारियों ने ताकत झोंक दी है। सोमवार को नगर भाजपा विधायक एवं सूबे के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने जनसभा मैदान का निरीक्षण किया। मंच, पार्किंग और सुरक्षा आदि को लेकर रणनीति बनाई गई। प्रशासन को अभी सीएम का मिनट टू मिनट कार्यक्रम नहीं मिला है। फिर भी पुलिस और प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने बताया कि सीएम योगी की जनसभा को लेकर मुकम्मल तैयारी की जा रही है। जनसभा में भाजपा के सभी प्रत्याशियों को बुलाया गया है।

**वाहनों के लिए चिह्नित किए है पार्किंग स्थल :** पुलिस अधीक्षक राजकरण ने बताया कि 3 मई बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के मद्देनजर विभिन्न मार्गों का रूट डायवर्जन किया गया है। बताया कि बैरिया, दुबहड़, हल्दी की तरफ से आने वाले सभी प्रकार के छोटे, बड़े वाहन जो शहर या सिकन्दरपुर, फेफना व गड़वार की तरफ जाना चाहते है वे भृगु आश्रम संजय उपाध्याय तिराहे से नया चौक से मालगोदाम तिराहा होते हुये अपने गन्तब्य स्थान को जायेंगे। सिकन्दरपुर, फेफना व गडवार की तरफ से आने वाले सभी प्रकार के छोटे व बड़े वाहन जो शहर या दुबहड़, हल्दी, बैरिया जाना चाहते हैं, वे मालगोदाम तिराहे से नया चौक से संजय उपाध्याय तिराहे से होते हुये अपने गन्तब्य स्थान को जायेंगे।

**दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए अलग अलग व्यवस्था :** पार्किंग स्थल बैरिया, दुबहड़ व हल्दी की तरफ से आने वाले चार पहिया वाहन जगन्नाथ तिराहा से बांये ददरी मेला क्षेत्र ग्राउण्ड में खड़ी होंगी। बैरिया, हल्दी व दुबहड़ से आने वाली बस राजपूत नेवरी बन्धा पर खड़ी होंगी। बैरिया, हल्दी व दुबहड़ से आने वाले दो पहिया वाहन बाम्बे बिल्डिंग मटेरियल व भृगु आश्रम कम्पाउण्ड में खड़ी करने की व्यवस्था की गयी है। सिकन्दरपुर, फेफना व गड़वार की तरफ से कार्यकताओं को लेकर आने वाली बस मालगोदाम तिराहे पर कार्यकताओं को उतारकर सतीश चन्द्र कालेज ग्राउण्ड में खड़ी होंगी तथा चार पहिया व दो पहिया वाहन मालगोदाम तिराहा पर उतारकर रामलीला ग्राउण्ड पर खड़ी होंगी कुछ चार पहिया वाहन मालगोदाम तिराहे के बगल मे खाली जगह पर खड़ी होंगी।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की होने वाली सभा को लेकर एडीजी व जिलाधिकारी ने की बैठक



**मऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 3 मई को जनपद आगमन को लेकर ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन में ब्रीफिंग की गई। इस दौरान उपस्थित मजिस्ट्रेट/अधिकारियों को एडीजी, डीआईजी, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री की होने वाली सभा को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान गाड़ियों की पार्किंग, रूट चार्ट एवं सभा स्थल से संबंधित सभी मजिस्ट्रेट/अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। आजमगढ़ की ओर से आने वाले बड़े वाहनों के लिए रेलवे का मैदान एवं बलिया की ओर से आने वाली बड़ी गाड़ियों हेतु बलिया मोड़ से कोपागंज मार्ग को चयनित किया गया है। वीआईपी लोगों की गाड़ियों हेतु सोनी धापा इंटर कॉलेज के मैदान के उत्तरी पूर्वी कोने के खाली मैदान का चयन किया गया है। सभी संबंधितो को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। निर्धारित पार्किंग स्थलों के अलावा अन्य किसी भी स्थल पर गाड़ी पार्किंग की इजाजत नहीं होगी। सभा स्थल में प्रवेश हेतु प्रवेश द्वारों का भी अलग-अलग निर्धारण कर,सभी संबंधित नोडल अधिकारी/सेक्टर मजिस्ट्रेट को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम को लेकर पुलिस लाइन, सभा स्थल, मार्गों एवं उसके आसपास भारी मात्रा में पुलिस बल तैनाती की व्यवस्था गई है। ब्रीफिंग के दौरान जिलाधिकारी अरुण कुमार ने सभी संबंधित मजिस्ट्रेट एवं अधिकारियों को, जिनकी ड्यूटी पार्किंग हेतु निर्धारित है,उन्हें आज ही सभी स्थलों की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए, जिससे पार्किंग व्यवस्था सुव्यवस्थित ढंग से की जा सके। उन्होंने समस्त नोडल अधिकारियों को किसी भी आपात स्थिति की पूर्व में ही सारी तैयारियां कर लेने के निर्देश दिए। साथ ही अपने तैनाती स्थल पर स्वयं ही रहने को कहा।इसके अलावा पुलिस अधिकारियों को बिना पास के किसी को भी अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं देने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को समय से निर्धारित स्थलों पर पहुंचकर अपने जिम्मेदारियों को निष्ठा पूर्वक निभाने के निर्देश दिए।

### उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जनपद इकाई की बैठक का आयोजन

**मऊ।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जनपद इकाई की बैठक कैंप कार्यालय अलाउद्दीनपुरा में जिलाध्यक्ष उमाशंकर ओमर की अध्यक्षता में हुई। जिस का संचालन आनंद ओमर ने किया। बैठक में उपस्थित सभी व्यापारियों से अपने-अपने दुकानों, प्रतिष्ठानों, गोदामों में सीसीटीवी कैमरा लगाने की जिलाध्यक्ष उमाशंकर ओमर ने अपील किया । और कहा कि चोरी डकैती को रोकने में तथा घटी घटनाओं को ओपन करने में सीसीटीवी कैमरा बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिए जनपद के सभी सक्षम व्यापारी अपने यहां सीसीटीवी कैमरा लगवा लें। उन्होंने जिलाधिकारी से कृषि मंडी में बैंक की शाखा खोले जाने की मांग किया तथा क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं हल करने के लिए कृषि मंडी में सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी बनाने का भी आग्रह किया ।श्री ओमर ने कहा कि कृषि मंडी में प्रतिदिन सैकड़ों व्यापारी व किसान खरीद बिक्री के लिए आते हैं ,परिषद में कोई भी बैंक नहीं होने से व्यापारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कृषि मंडी में सुलभ शौचालय नहीं है। वहां सुलभ शौचालय बनाया जाना अति महत्वपूर्ण कार्य है, ताकि व्यापारियों को सुविधा प्राप्त हो सके। बैठक में आनंद ओमर ,अतीक अहमद उर्फ राजू, सुफियान, अनिल विश्वकर्मा, श्रवण सराफ, शिव कुमार जयसवाल, अभय तिवारी, आनंद बरनवाल, अंशु, सत्यानंद वर्मा, जगदीश प्रसाद गुप्ता, अमिताभ यादव, प्रदीप गुप्ता सहित भारी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

### रेलवे स्टेशन पर लावारिस हालत में घूम रहे चार बच्चों को पुलिस ने चाइल्ड लाइन को सौंपा



**बलिया।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 से 4 नम्बर पर लावारिस हालत में घूम रहे 4 बच्चों को जीआरपी पुलिस ने कब्जे में लेकर चाइल्डलाइन के हवाले कर दिया। इस संबंध में जीआरपी थाना प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक कभी इस प्लेटफार्म पर तो कभी उस पर फार्म पर लावारिस हालत घूम रहे चार बालको संदिग्ध हालत में जीआरपी पुलिस ने पकड़ लिया और थाने लेकर चली आई। उन्होंने पूछताछ के दौरान बताया गया कि आजकल ट्रेनों में और रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म ऊपर कम उम्र के बच्चों द्वारा आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक जीआरपी गोरखपुर डॉ. अवधेश सिंह के निदेर्शानुसार जीआरपी पुलिस द्वारा विभिन्न प्लेटफार्म और रेलवे परिक्षेत्र में भ्रमण के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मिले चारों बालक जो अलग-अलग जनपदों के रहने वाले बताए गए हैं। उनमें गुड्डू 10 वर्ष उर्फ इसरार अहमद पुत्र धनु थाना बैरिया, अयान 13 पुत्र सईद परवन्दापुर थाना कोतवाली बलिया, वारिस खान 10 वर्ष पुत्र जावेद अहमद और अर्सलान खां13वर्ष पुत्र आजम खान निवासी गण मोहम्मदाबाद गोहना आजमगढ़, बताया गया है। हिरासत में लिए गए चारों बच्चों को चाइल्डलाइन के हवाले कर दिया गया है। जीआरपी प्रभारी ने बताया की प्लेटफार्म पर यात्रियों को छोड़कर किसी को भी आने की इजाजत नहीं दी जा सकती। इसके लिए जीआरपी की टीम 24 घंटे फार्म पर चक्रमण कर रही है।

### बैंक के बड़े बकायेदार की कुर्की

**बलिया।** सहायक आयुक्त एवम सहायक निबंधक सहकारिता बलिया, क्षेत्रीय प्रबन्धक आजमगढ़ के नेतृत्व में शाखा प्रबंधक के प्रयास से आज दिनांक 02/05/2023 को उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. बलिया के बड़े बकायेदार चन्द्रीका व राजनाथ पुत्र हीरा, निवासी- तिवारी बरहता, विकास खंड- दुबहड़ का कुल बकाया 6,96,000 की चल अचल सम्पत्ति की कुर्की पुलिस बल के सहयोग से करने के उपरांत धनराशि की वसूली करते हुए खाता बंद किया गया।

## खबरें फटाफट

### चलती ट्रेन से गिरकर युवक घायल

**मऊ।** हलधरपुर थाना क्षेत्र के चकरा बाजार के पास से गुजर रहे वाराणसी-गोरखपुर रेल मार्ग पर अपराह्न के लगभग 2:00 बजे ट्रेन से गिरकर एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने उसे जिला अस्पताल भेजवाया। घटना के बारे में बताया जाता है कि देवरिया जनपद के सलेमपुर थानांतर्गत स्थित पड़री गजरा गाँव निवासी संजय प्रसाद पुत्र सदावृक्ष (28 वर्ष) लिक्षवी एक्सप्रेस पर सवार होकर सलेमपुर से मऊ जा रहा था। यात्रा के दौरान ट्रेन जब चकरा रेलवे क्रासिंग पहुँची, उक्त युवक चलती ट्रेन से नीचे लुढ़क गया, और गंभीर रूप से घायल हो गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**मऊ।** सराय लखंसी थाना क्षेत्र के पहाड़पुर कइथौली गांव के पास दादर एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जाता है कि 65 वर्षीय कमला यादव सरायलखंसी थाना क्षेत्र के पहाड़पुर कइथौली गांव का निवासी थे। परिवार जनों का कहना है कि दिमागी रूप से विक्षिप्त थे। मंगलवार की दोपहर घर से निकले थोड़ी देर में सूचना मिली की उनकी दोपहर लगभग 2:45 पर दादर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से कटकर मौत हो गई है सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मुहम्मदाबाद नगर निकाय में अध्यक्ष पद के लिए सात व सभासद के लिए 119 प्रत्याशी मैदान में

# चुनाव प्रचार का शोर थमा, प्रत्याशियों व उनके समर्थकों ने झोंकी पूरी ताकत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



मुहम्मदाबाद नगर निकाय चुनाव अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है। प्रचार का शोर शराबा भी चरम पर था। अब दो मई की शाम से चुनाव प्रचार थम गया है। इसके पहले अपने पक्ष में माहौल बनाने को लेकर प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। नगर पालिका परिषद मुहम्दाबाद में 32324 मतदाता है। इनमें 17015 पुरुष मतदाता व 15309 महिला मतदाता है, जो चार मई को 25 सभासद व अध्यक्ष पद के लिए मतदान करेंगे। अध्यक्ष पद के लिए सात प्रत्याशी व सभासद के लिए 119 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।

प्रमुख राजनीतिक दलों के उम्मीदवारे अपने पार्टी सिंबल पर लोगों से मोहर लगाने की अपील कर रहे हैं। जबकि निर्दल प्रत्याशी भी जोड़-तोड़ में लगे हुए हैं। जातीय समीकरण के आधार परे परिणाम को अपने पक्ष में करने की जुगत भिड़ा रहे हैं। नगर में वैश्य वर्ग की अधिक संख्या को देखते हुए भाजपा ने वैश्य समुदाय से ताल्लुक रखने वाले संदीप गुप्ता उर्फ दीपू को अपना प्रत्याशी बनाया है। उनके पक्ष में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक जनसभा कर चुके हैं। भाजपा के प्रभारी अशोक मिश्रा, संयोजक सुनील सिंह, युव नेता पीयूष राय व विरेन्द्र राय आदि उनके प्रचार में पूरी मुश्तैदी से लगे हैं। वहीं दूसरी तरफ अल्पसंख्यक वर्ग में पिछड़ी जाति के रईस अंसारी को उम्मीदवार बनाकर लड़ाई को काफी दिलचस्प बना दिया है। क्योकि नगर में अंसारी बिरादरी की भी संख्या अधिक है और पिछले दो चुनावों में इस बिरादरी ने एकजुट होकर अपनी ताकत का एहसास कराया है। स्थानीय विधायक सुहैब उर्फ मन्नू अंसारी व पूर्व विधायक सिबगतुल्लाह अंसारी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शमीम अहमद इनके पक्ष में घर- घर जनसम्पर्क कर वोट मांग रहे हैं। पिछली बार की विजेता रही बसपा ने इस बार प्रत्याशी न देकर सभी को चौंका दिया है। भाजपा के बागी उम्मीदवार तेज बहादुर यादव भी पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में डटे हैं। वैसे पार्टी ने उन्हें छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। फिर भी स्वजातीय नेताओं के अलावा भाजपा और संघ के कुछ कार्यकर्ता खुलेआम उनके चुनाव प्रचार में लगे हैं। भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेता सामने न आकर अंदर खाने तेज बहादुर यादव के लिए अपनी पूरी ताकत लगाए हुए हैं, जो भाजपा नेतृत्व के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। बसपा प्रत्याशी के न होने से सभी उम्मीदवार दलित मतदाताओं को रिझाने में लगे हैं। देखना है कि ऊंट किस करवट बैठता है। कुल मिलाकर यहां अध्यक्ष पद की लड़ाई काफी रोचक नजर आ रही है।

### समस्त प्रत्याशी अपने व्यय लेखा पंजी व्यय, लेखा टीम के समक्ष प्रस्तुत करें

**बलिया।** नगरीय सामान्य निर्वाचन- 2023 के निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों का सार संग्रह के अनुसार प्रत्येक अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे प्रचार अवधि के दौरान कम से कम तीन बार निजी रूप से या अपने निर्वाचन एजेंट के माध्यम से अपने व्यय लेखा पंजी व्यय लेखा टीम के समक्ष अवश्य प्रस्तुत करें। जिसमें नगर पालिका परिषद रसड़ा, नगर पंचायत नगरा, नगर पंचायत बलिया,नगर पंचायत चितबड़ागांव, नगर पंचायत रतसड कला, नगर पंचायत बेल्थरारोड, नगर पंचायत सहतवार, नगर पंचायत रेवती, नगर पंचायत मनियर, नगर पंचायत बांसडीह, नगर पंचायत सिकंदरपुर एवं बैरिया निर्धारित है। साथ ही निरीक्षण स्थल पेंशन भवन कोषागार बलिया में प्रथम 02 मई, द्वितीय 06 मई एवं तृतीय 09 मई को प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। समस्त प्रत्याशियों से अपेक्षा करते हुए मुख्य कोषाधिकारी/प्रभारी अधिकारी व्यय लेखा ममता सिंह ने बताया है कि उक्त निर्धारित तिथि एवं स्थान पर निर्धारित रीति से उपस्थित होकर अपने नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत में गठित/नामित व्यय लेखा टीम से निरीक्षण का कार्य संपन्न कराएं।

### 480 मतदान कर्मियों को किया गया ट्रेंड

नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण गंगा बहुउद्देशीय सभागार में मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इसमें पीठासीन अधिकारी के अलावा मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय सहित कुल 480 कर्मी शामिल हुए। प्रशिक्षण में ज़िला विकास अधिकारी राज़ितराम मिश्रा ने कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जो भी भ्रांति है उसे यही पूछ कर दूर कर लें। जितनी अच्छी जानकारी होगी उतनी ही आसान प्रक्रिया आपके लिए होगी। प्रशिक्षण अधिकारी राम बहाल ने भी मतदान प्रक्रिया की जरूरी बारीकियों को साझा किया। इस दौरान ज़िला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह, उप निदेशक कृषि इंद्राज, वरिष्ठ सहायक सूरज राय सहित अन्य अधिकारी थे।

# अफजाल अंसारी की संसद सदस्यता समाप्त लोकसभा सचिवालय ने जारी किया नोटिस

**केटी न्यूज/गाजीपुर/लखनऊ**



कोर्ट द्वारा गैंगस्टर एक्ट में चार साल की सजा सुनाए जाने के बाद बसपा सांसद अफजाल अंसारी की संसद सदस्यता खत्म हो गई है। इस बाबत लोकसभा सचिवालय ने नोटिस जारी कर दिया है। अफजाल ने बीते लोकसभा चुनाव में गाजीपुर सीट से चुनाव लड़े और मनोज सिन्हा को हराकर जीत दर्ज की थी। साल 2005 में तत्कालीन बीजेपी विधायक कृष्णानन्द राय समेत सात लोगों की हत्या कर दी गई थी। मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के बसनिया चट्टी पर हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। मामले में 2007 में गैंगेस्टर एक्ट के तहत अफजाल अंसारी, उनके भाई माफिया मुख्तार मुख्तार अंसारी और बहनोई एजाजुल हक पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। इस नोटिफिकेशन के साथ ही अब अफजाल अंसारी न सिर्फ पूर्व सांसद हो चुके हैं, बल्कि सजा खत्म होने तक चुनाव लड़ने के अयोग्य भी घोषित हो गए। उधर अफजाल अंसारी की संसद से सदस्यता खत्म किए जाने के बाद उनके समर्थकों एवं परिजनों में निराशा साफ दिखाई दे रही हो।

# क्रिकेट के विवाद में कमसड़ी गांव में चले लाठी-डंडे, अधेड़ जख्मी, तीन पर केस दर्ज



**गाजीपुर।** करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के कमसड़ी गांव में बच्चों के क्रिकेट खेलने को लेकर बढ़े विवाद में परिजन भी कूद पड़े। इस दौरान चले लाठी -डंडे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इस मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। इलाके के कमसड़ी गांव में जनार्दन राजभर के पुत्र कृष्णा दोस्तों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। इसी बीच कृष्णा का लाला राय के साथ विवाद हो गया। जिसमें मौके पर पंहुचे परिजन भी आपस में गाली गलौज करते हुए भीड़ गए। देखते ही देखते दोनों तरफ से लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में जनार्दन राजभर लाठी- डंडे की चोट से लहूलुहान हो जमीन पर गिर पड़े। जमीन पर गिरता देख हमलावर गांव की तरफ भाग गए। उधर घायल के परिजन भी मौके पर पहुंच प्राथमिक इलाज के बाद थाने पहुंचे और तहरीर दी। इस प्रकरण में गांव के ही मुकेश राय, ॠषि राय व सुन्दर राय के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष विश्वनाथ यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद हमलावरों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जा रही है।

### दुबहड़, सियर, रतसर तथा रेवती सीएचसी को राज्य स्तर पर किया गया सम्मानित

# बलिया जिले के चार सामुदायिक स्वास्थ्य केद्रों को मिला कायाकल्प अवार्ड

- सीएचसी दुबहड़ को 72.14 फीसदी, सीएचसी रेवती को 71.57 फीसदी, सीएचसी सियर को 71 और सीएचसी रतसर को 70.86 फीसदी अंक मिले
- सभी चारों सीएचसी को पुरस्कार के रूप एक-एक लाख रुपये की धनराशि मिली

**केटी न्यूज/बलिया**



जनपद के चार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) दुबहड़, सियर, रतसर तथा रेवती को कायाकल्प योजना के तहत वर्ष 2022 -23 के लिए कायाकल्प अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है। कायाकल्प अवार्ड में जिले के बेहतर प्रदर्शन पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० जयन्त कुमार ने कहा कि जनपद में बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग का संकल्प है। चारों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की तरह जिले के अन्य सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें प्रदान की जा रही है जल्द ही उन्हें भी कायाकल्प अवार्ड हासिल हो सकेगा। जिला परामर्शदाता क्वालिटी एश्योरेंस डॉ. रंजय कुमार ने बताया कि इस वर्ष 2022-23 में सीएचसी दुबहड़ को 72.14 फीसदी, सीएचसी रेवती को 71.57 फीसदी, सीएचसी सियर को 71 फीसदी और सीएचसी रतसर को 70.86 फीसदी अंक मिले हैं। सभी चारों सीएचसी को पुरस्कार के रूप एक-एक लाख रुपये की धनराशि मिली है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. आरबी यादव ने बताया कि कायाकल्प योजना के तहत सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वच्छता एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने यह महत्वाकांक्षी योजना मई 2015 को आरम्भ की थी। इसमें एक निर्धारित चेक लिस्ट के आधार पर स्वास्थ्य केन्द्रों का तीन चरणों में मूल्यांकन किया जाता है। तीन चरणों में अधिक अंक हासिल करने वाली चिकित्सा इकाइयों को राज्य स्तर से सम्मानित किया जाता है।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केन्द्रों का नामांकन आंतरिक, सहकर्मी एवं बाहरी मूल्यांकन के अंतर्गत तीन चरणों में किया गया। इन चरणों के माध्यम से छह बिन्दुओं जैसे स्वास्थ्य सुविधाओं, स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, समर्थन तथा स्वच्छता को बढ़ावा देने पर स्वास्थ्य केंद्र का मूल्यांकन किया गया। जिसमें आंतरिक मूल्यांकन का निरीक्षण स्थानीय टीम व सहकर्मी मूल्यांकन का निरीक्षण मण्डल स्तरीय टीम ने किया था। कायाकल्प योजना के अंतर्गत राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सीएचसी को 15 लाख, द्वितीय स्थान प्राप्त इकाई को 10 लाख रुपये तथा अन्य 70 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त सीएचसी को एक-एक लाख रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया जाता है।